2— वर्तमान में कोविड—19 के संक्रमण के साथ—साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वैक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत **आज दिनांक 04.07.2020 को मो0 मामूड़ी,सदर बाजार,चर्च कालोनी,बिजलीपुरा,ककरा पार्क** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव में विशेष सफाई अभियान कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट—फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय—समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Scanned with CamScanner

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 04.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा,विभाग उ0प्र0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने नगर निगम द्वारा ककरा काकर कुंड में शहीदो की स्मृति में बन रहे जैव विविधता पार्क में आज दिनांक 04.07.2020 को बृहद वृक्षारोपण कार्यकम में 11 हजार पेड़ लगाये गये।**

- **नगर निगम द्वारा मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संकमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।**

1– मा0 मंत्री वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा श्री सुरेश कुमार खन्ना जी की गरिमामयी उपस्थिति में जैव विविधता पार्क 11 हजार पेड़ का वृक्षारोपण किया गया। ककरा काकर कुंड गर्रा नदी के किनारे 10 हेक्टयर क्षेत्रफल पर नगर निगम द्वारा शहीदो की स्मृति में जैव विविधता पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आज दिनांक 04.07.2020 को जैव विविधता पार्क में विशेषज्ञों के परामर्श उपरान्त विभिन्न प्रजातियो के 11 हजार पौधो को लगाया गया। जिसमें आम, कटहल, अमरूद्ध, करौदा, नीम, पीपल, पाकड़,बरगद,बॉस,आदि के वृक्ष शामिल है। इस पार्क में पंचवटी उद्यान,औषधीय वृक्ष,हरीशंकरी वृक्षो के लिये अलग–अलग सेक्टर बनाये गये है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी उपस्थिति एवं अपने दिशा निर्देशन में वृक्षारोपण की कार्यवाही करायी गयी। मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान द्वारा अपनी देख–रेख में वृक्षो को लगाये जाने हेतु गढडो की खुदाई युद्ध स्तर पर करायी गयी। इस रोड को ऑक्सीजन रोड के रूप में विकसित करने की योजना है कि जिसके अन्तर्गत मार्ग के दोनो तरफ छायादार वृक्षों को लगाया जायेगा। श्री पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल) प्रभारी उद्यान अधिकारी नगर निगम द्वारा जिला उद्यान अधिकारी एवं लोक भारती संस्था तथा प्रभागीय वनाधिकारी के परामर्श एवं सहयोग से विभिन्न प्रकार के चिन्हित वृक्षो को एकत्र किया गया। वृक्षारोपण कार्यकम में मा0 मंत्री जी के साथ–साथ मा0 उ0प्र0सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 श्री सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, सांसद अरूण सागर जी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, जिलाधिकारी श्री इन्द्र विकम सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनंद, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री रामसेवक द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह तंवर, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, पूर्व सभासद श्री वेद प्रकाश मौर्या, श्री दिवाकर मिश्रा, गोसेवा से जुड़े लोक भारती के प्रान्तीय व्यवस्थापक श्री आलोक मिश्रा, गौरक्षा विश्व हिन्दु परिषद के श्री गौरव अग्निहोत्री, इसके अतिरिक्त अधिकारी/कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner